हिन्दुस्तान
शनिवार, 22 जुलाई 2023
02
www.livehindustan.com



## एयर पिस्टल में स्वर्ण जीतने पर शुभम का सम्मान

बल्लभगढ़। कोरिया में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप जूनियर्स में रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी में गांव दयालपुर के शुभम बीसला ने स्वर्ण और टीम में रजत पदक हासिल किया। शुक्रवार को निशानेबाज का घर वापिसी पर गाजे-बाजे के साथ शहर में जोरदार अभिवादन किया गया। इस दौरान निशानेबाज शुभम के परिजनों ने कोच राकेश सिंह का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## प्रशिक्षण के साथ रोजगार भी मिलेगा

फरीदाबाद। रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी व आस संस्था ने संयुक्त रूप से एनआईटी एक में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र व स्किल डेवलेपमेंट सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक गर्वनर जितेंद्र गुप्ता और दीप्ती गुप्ता मौजूद रहीं।

डीजी रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब एनआईटी न केवल बच्चियों को प्रशिक्षण देगा बल्कि उनको रोजगार भी दिया जाएगा। वहीं दीप्ती गुप्ता ने इसे क्लब की सराहनीय पहल बताया। क्लब के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने कहा कि बच्चियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण पहले से ही दिया जा रहा है तथा अब सिलाई सेंटर की भी शुरुआत की गई है। उनके क्लब का मकसद बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है।